# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 09 जुलाई 2025 समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि , आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है।

- हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि, गुरुग्राम में हुए शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मलेन में नवाचार, पारदर्शिता और जन सहभागिता प्रोत्साहित करने के लिए कृत्रिम मेधा आधारित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया।

- भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के सभी 27 संगठनात्मक जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की।

- हरियाणा में युवाओं ने बिना पर्ची -खर्ची के रोज़गार मिलने पर सरकार का आभार जताया।

- फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने एक युवक को गिरफ्तार कर 1 किलो 196 ग्राम गांजा बरामद किया।

**********************************************************
***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और ब्राजील की सोच एक जैसी है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों का दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद से निपटने में किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है।

*<u>आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर हमारी सोच समान है जीरो टॉलरेंस एंड जीरो डबल स्टैंडर्ड हमारा स्पष्ट मत है कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं है। हम आतंकवाद और आतंकवाद के समर्थकों का कठोर विरोध</u>*

*करते हैं। हम अपने रक्षा उद्योगों को आपस में जोड़ने के प्रयास जारी रखेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सुपर कंप्यूटर में हमारा सहयोग बढ़ रहा है। यह समावेशी विकास और ह्यूमन सेंट्रिक इनोवेशन की हमारी एक जैसी सोच का प्रमाण है। ब्राजील में यूपीआई के एडॉप्शन पर भी दोनों पक्ष मिलकर काम कर रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने घोषणा की की भारत की ही तरह ब्राजील में भी डिजिटल भुगतान के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई शुरू करने में पूरा सहयोग किया जाएगा ।

***************************************************************************

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है गुजरात और राजस्थान सरकार मिलकर देशभर के ऊँट प्रजनकों से दूध एकत्र करने और उसके औषधीय गुणों का उपयोग करके अधिक कीमत प्राप्त करने की योजना बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि ऊंटनी के दूध की औषधीय गुणों का पता लगा कर, इसमें से कुछ रोग की सटीक दवाइयां अगर बनती हैं, तो ऊंट का दूध का जो भाव है, वो हम अनेक गुणा बढ़ा सकते हैं और जब ऊंट पालन बढ़ेगा, तो स्वाभाविक रूप से नस्ल संरक्षण में बहुत फायदा होगा।

हरियाणा में भी राजस्थान की सीमा से सटे जिलों भिवानी, हिसार, सिरसा और फतेहाबाद में ऊंट पालन का काम किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों में भी कुछ हद तक ऊंट पालन होता है।

******************************************************************************

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि गुरुग्राम में संपन्न हुए शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा करने में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका को रेखांकित करना था। आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सम्मेलन में शहरी नियोजन और विकास से जुड़े विशेषज्ञ, नीति निर्माता शामिल रहे। जिसके चलते

यह सम्मेलन वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के प्रत्यक्ष संवाद का मंच बना।

श्री कल्याण ने कहा कि सम्मेलन के दौरान शहरी निकाय प्रशासन को नवाचार, पारदर्शिता और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए कृत्रिम मेधा यांनी एआई तकनीक आधारित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया। इस प्रकार यह सम्मेलन देश के लोकतांत्रिक □ांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम रहा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि देश के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में अनेक नगर निगमों, नगर परिषदों और नगरपालिकाओं के अध्यक्षों और अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में अपनाए गए सर्वश्रेष्ठ विकास मॉडल और नवाचारों को साझा किया।

*********************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज पंचकूला में हरियाणा के सभी 27 संगठनात्मक जिला पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। भाजपा ने जिला अधिकारियों की इस प्रथम सूची में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि हर जिला मुख्यालय पर भाजपा के जिला प्रधानों के माध्यम से पदाधिकारियों के नाम घोषित किए गए। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा -

भिवानी में ज़िला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों के चयन में आयु वर्ग, जाति, कार्य क्षमता, पार्टी से जुड़े होने की पृष्ठभूमि व शीर्ष नेताओं की राय प्रमुख रही। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों की मंडल प्रभारियों की नियुक्ति से संबंधित दूसरी सूची चार से पांच दिन में आएगी।

फरीदाबाद में नई जिला कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार और संस्कार है। नई टीम संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा, ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करेगी।

*****************************************************************
*******

हरियाणा में युवाओं ने बिना खर्ची पर्ची के रोजगार मिलने पर सरकार का आभार व्यक्त किया है। हाल ही में ग्रुप डी की नौकरियों के लिए परिणाम जारी किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र के भी बहुत से युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के सरकारी नौकरी मिली है।कुरुक्षेत्र जिले से नौकरी पाने वालों में कुछ युवाओं से आकाशवाणी समाचार ने बात की।

नीलम ने कहा -

अशोक कुमार को खेल विभाग में नौकरी मिली है। उसने बताया -

ज्ञान सिंह और जोगिंदर सिंह ने बताया कि उनके गांव से 12 नौजवान लड़कों को नौकरी मिली है।

*****************************************************************
*********

हिसार में भी ग्रुप डी पद की चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची में नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों ने बिना खर्ची ,बिना पर्ची नौकरी मिलने पर सरकार का आभार जताया ।चयनित उम्मीदवार प्रवीन , पूनम देवी और अरूण ने कहा कि उन्होंने तैयारी की और नौकरी मिल गई। उन्हें कोई सिफारिश नहीं □ूं□नी पड़ी। हरदीप ने बताया कि कोचिंग लेने के बाद घर पर ही परीक्षा की तैयारी की थी।

अब बिना पैसा खर्च किए नौकरी मिली है जिसके लिए वह प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हैं।आंचल और सूरज ने भी परीक्षा की मेरिट के आधार पर नौकरी देने के लिए हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया।

**********************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने एक युवक को गिरफ्तार कर के उसके कब्जे से 1 किलो 196 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार, आरोपी को एक गुप्त सूचना के आधार पर गुरुग्राम मोड़ से गिरफ्तार किया गया । आरोपी की पहचान गुरुग्राम में निहाल क्लोनी निवासी राहुल पासवान के तौर पर हुई है।

*****************************************************************